**रोहतक।** आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट के पांच बच्चों ने आईआईटी-जेईई मैनस में बाजी मारी। प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थी अरशिया ने 97. 5 प्रश्नटाइल, वीर हुड्डा ने 94 प्रश्नटाइल, अंकुर ने 96 प्रश्नटाइल, यशिका ने 93 प्रश्न टाइल(ईडब्ल्यूएस) व सचिन वर्मा ने आईआईटी गुवाहाटी एलुमिनी लर्निंग प्रोग्राम क्लियर ईन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीनरी लर्निंग में अपना स्थान बनाया। सचिन वर्मा ने अपने माता-पिता व इंस्टिट्यूट का नाम रोशन किया । इस अवसर पर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ. अशोक दुहन ने बच्चों का मुंह मीठा करवाया व उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी । दूहन ने इस सफलता का श्रेय मेहनती स्टाफ व बच्चों को दिया।

### महाराजा अग्रसेन पीएम श्री का परीक्षा परिणाम रहा शानदार





**रोहतक।** भिवानी बोर्ड द्वारा संचालित सत्र 2024 - 25 में 12वीं कक्षा के परीक्षा में महाराजा अग्रसेन पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला 2698 की 98 छात्राओं में परीक्षा दी जिसमें छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 मेरिट हासिल की ओर लगभग सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास हुई । 95% अंकों के साथ हिमांशी सुपुत्री श्री विनोद ने कला संकाय में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 90% अंकों के साथ तानिया सुपुत्री श्री विनोद ने विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रभारी तथा अध्यापकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बिजली के बकाया बिलों के समाधान के लिए सरचार्ज माफी योजना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बिजली के बकाया बिलों के समाधान के लिए गत 12 मई से सरचार्ज माफी योजना शुरू की गई है, जो आगामी 11 नवंबर तक छह माह के लिए लागू रहेगी। इस योजना का लाभ शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सभी उपभोक्ता श्रेणियों के उपभोक्ता उठा सकते हैं, जिनके बिजली बिल 31 अगस्त 2024 तक बकाया थे तथा अब तक बकाया हैं। यह योजना कनेक्टिड और डिस्कनेक्टिड दोनों तरह के उपभोक्ताओं के लिए है। यह जानकारी उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत शहरी तथा ग्रामीण घरेलू बिजली के कनेक्शन का अब तक का पूर्ण सरचार्ज फ्रीज कर दिया जाएगा तथा उन्हें केवल मूल राशि का भुगतान करना होगा। उपभोक्ता मूल राशि एकमुश्त या अगले 8 मासिक- 4 द्विमासिक बिलों के साथ किस्तों में भी जमा करवा सकते हैं।

- यह योजना कनेक्टिड और डिस्कनेक्टिड दोनों तरह के उपभोक्ताओं के लिए है : उपायुक्त

### सरचार्ज किया जाएगा माफ

धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सरचार्ज माफी योजना के तहत सरकारी विभाग, नगर निगम, ग्राम पंचायत, राज्य पब्लिक सेंटर अंडरटेकिंग इत्यादि से संबंधित उपभोक्ता भी इस योजना में शामिल हो सकते है। इसके लिए उपभोक्ताओं को लंबित मूल राशि का एकमुश्त भुगतान का विकल्प चुनना होगा तथा ऐसा करने पर सरचार्ज माफ कर दिया जाएगा।

### *लंबित मामला वापस लेने पर योजना का ले सकते है लाभ*

*धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं के बने गलत बिल विभाग के नियमों के अनुसार ठीक किए जाएंगे। ऐसे उपभोक्ता जिनका कोई केस न्यायालय में विचाराधीन है, वो उपभोक्ता भी इस योजना को अपना सकते हैं। बशर्ते उनको अपना केस न्यायालय से वापिस लेना पड़ेगा। कटे हुए बिजली कनेक्शनों के मामले में उपभोक्ता का कनेक्शन एकमुश्त राशि के भुगतान पर या मूल राशि की पहली किस्त के भुगतान पर कनेक्शन जोड़ दिया जाएगा, बशर्ते कि कटा हुआ कनेक्शन 6 महीने से पुराना न हो। छह माह से अधिक कटे हुए कनेक्शनों के मामले में आवेदक को नए कनेक्शन का आवेदन करना होगा।*

### कृषि उपभोक्ता के लिए भी लाभकारी



उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सरचार्ज माफी योजना के तहत कृषि उपभोक्ताओं के लिए भी है। अधिसूचना जारी होने की तिथि से सरचार्ज को फ्रीज किया जाएगा। इस योजना में शामिल होने वाले उपभोक्ता लंबित मूल राशि तीन बिलिंग साइकिल में भुगतान कर सकते है। प्रत्येक चार महीने का एक बिलिंग साइकिल कृषि क्षेत्र के लिए होता है। यदि उपभोक्ता द्वारा एकमुश्त मूल राशि का भुगतान कर दिया जाता है, तो पूरा सरचार्ज माफ कर दिया जाएगा तथा मूल राशि पर 10 प्रतिशत छूट दी जाएगी। लगातार तीन मौजूदा बिल के भुगतान पर फ्रीज की गई सरचार्ज राशि किस्तों में माफ कर दी जाएगी। उपभोक्ता को नियमानुसार किश्तों में लंबित राशि का भुगतान करना होगा। यदि किसी किस्त का भुगतान नहीं हो पाता है, तो अंतिम किश्त तक पूरी राशि का भुगतान करना होगा।

### अन्य श्रेणियों के उपभोक्ता भी योजना का उठा सकते हैं लाभ

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि औद्योगिक एवं अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए भी यह सरचार्ज माफी योजना है। योजना की अधिसूचना की तिथि को लंबित सरचार्ज फ्रीज किया जाएगा तथा योजना का लाभ उठाने के लिए ऐसे उपभोक्ताओं को लंबित मूल राशि व सरचार्ज का 50 प्रतिशत राशि एकमुश्त जमा करवानी होगी तथा शेष 50 प्रतिशत सरचार्ज राशि माफ कर दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### 20 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए किया झाड़ू प्रदर्शन

**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने मांगो को पूरा करवाने के लिए मंगलवार को शम्भू टांक इकाई प्रधान की अध्यक्षता में झाड़ू प्रदर्शन किया गया। कर्मचारी संघ 16 मई को एक दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल व 20 मई 2025 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल को कामयाब बनाने के लिए यह प्रदर्शन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रमेश तुसांमड ने संघ द्वारा घोषित आगामी आंदोलनों में बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए सफल बनाने का आहवान किया।

### मदीना आईटीआई में रोजगार मेला कल

**महम।** मंडल रोजगार कार्यालय रोहतक और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मदीना के संयुक्त प्रयास से 15 मई को मदीना आईटीआई में रोजगार मेला लगाया जाएगा। मंडल रोजगार अधिकारी सोनम गोयल ने बताया कि इस रोजगार मेले में पांच कंपनियां भाग लेंगी, जो विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगी। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि जो कंपनियां रोजगार मेले में भाग लेंगी उनमें मुख्य रूप से एके ऑटोमैटिक लिमिटेड, पी दास फोरजिंग प्राइवेट लिमिटेड, मावेन सोलर प्राइवेट लिमिटेड, माइक्रो प्रीसीजन सक्रू लिमिटेड और पीएफएनएल सिक्योरिटी सर्विस शामिल हैं।

### स्नेचिंग की वारदात मे दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने स्नेचिंग की वारदात में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी राकेश सैनी ने बताया कि आजाद नगर निवासी प्रमिला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 3 दिसंबर 2024 को प्रमिला आईटीआई फ्लाईओवर की नीचे खगनवाल गैस एजेंसी के पास पहुंची तो मोटरसाइकिल सवार दो युवक आए। युवक प्रमिला के गले से सोने की चेन छीनकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

### इमसार का 4 वर्षीय बीबीए पाठ्यक्रम अच्छी पहल

**रोहतक।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट



स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार), महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका के लिए जाना जाता है। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित चार वर्षीय बीबीए कार्यक्रम प्रतिस्पर्धी दुनिया में युवाओं को तकनीकी दक्षता, नेतृत्व कौशल और व्यावसायिक मूल्यों से सुसज्जित करने की दिशा में एक अभिनव पहल है।

## गांव भैणी सुरजन में श्रमदान करने में जुटे लोग

# अफसरों ने नहीं की गौर, लोगों ने की जलघर में टैंकों की सफाई



**महम।** भैणी सुरजन गांव में जलघर के वाटर टैंक में जमा काई और उसे निकालने में जुटे ग्रामीण।



**महम।** जलघर के वाटर टैंक में जमी गाद को मोटरों से निकालते ग्रामीण।



**महम।** वाटर वर्क्स के पानी के टैंक से गाद को निकालने के लिए श्रमदान करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम उपमंडल के भैणी सुरजन गांव के लोग पिछले कई साल से जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गांव के जलघर के वाटर टैंकों से गंदगी साफ करने की गुहार लगा रहे थे। लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उनकी बात पर गौर नहीं किया। बार बार मांग करने के बाद भी जब विभाग ने उनकी बात नहीं मानी तो ग्रामीणों ने खुद ही गांव के जलघरों के वाटर टैंकों की सफाई का फैसला कर लिया। जलघर के वाटर टैंकों में भारी मात्रा में काई और गाद जमी हुई थी। युवाक क्लब प्रधान कृष्ण कुमार ने बताया कि जलघर का निर्माण साल 2014में हुआ था। उसके बाद लगातार अधिकारियों से जलघर की सफाई की मांग की लेकिन अधिकारियों ने सुनवाई नहीं की।

### अधिकारियों के प्रति रोष

सरपंच प्रतिनिधि अमित सिवाच ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों से सम्पर्क करने की कोशिश की लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ व जेई ने फोन नहीं उठाया। उसके बाद ग्रामीणों ने खुद ही श्रमदान करने का फैसला किया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर लगाकर और श्रमदान करके जलघर टैंकों से गाद को बाहर निकाला। जलघर में पांच फिल्टर बनाए गए हैं जिनमें पानी छानने के लिए क्रैश्र डाला जाता है। पानी फिल्टर करने के लिए टैंकों में क्रेशर भी विभाग द्वारा नहीं बदला जा रहा। इस बात को लेकर ग्रामीणों में प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति काफी रोष है। नौ मई से ग्रामीण जलघर की सफाई करने में लगे हुए हैं। गांव के युवा इस काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

# राष्ट्रीय डिजिटल एजुकेशन मिशन की व्यावहारिक जानकारी की साझा

- केन्द्रीय विश्वविद्यालय जम्मू में आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में प्रो. नसीब ने बतौर रिसोर्स पर्सन किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

शिक्षा में एआई का समावेश केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और मानसिक क्रांति है। यह विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, नवाचारी और वैश्विक नागरिक बनने में सक्षम बनाएगा। यह उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डिजिटल लर्निंग सेंटर तथा सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय जम्मू के यूजीसी-एमएमटीटीसी द्वारा- एम्पावरिंग एजुकेशन थ्रू एआई एंड डिजिटल टेक्नोलोजीज विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में बतौर रिसोर्स पर्सन व्यक्त किए।

### एआई शिक्षा का आधार : प्रो. नसीब



ऑनलाइन आयोजित इस विशेष व्याख्यान में प्रो. नसीब सिंह गिल ने- एआई इन एजुकेशन एंड ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी स्किल्स फॉर फ्यूचर टीचिंग-लर्निंग विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। अपने प्रभावी संबोधन में उन्होंने कहा कि एआई अब केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा का आधार बन रहा है। एआई आधारित शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों को नौकरी पाने योग्य ही नहीं, बल्कि रोजगार सृजक बनने के लिए भी तैयार कर रही है। इससे स्टार्टअप कल्चर, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा मिल रहा है। प्रो. नसीब सिंह गिल ने कहा कि भारत में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया युग प्रारंभ हो चुका है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) और डिजिटल प्रौद्योगिकियों की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षण की पारंपरिक पद्धतियों से आगे बढ़ते हुए अब शिक्षा प्रणाली को इस तरह से पुनर्गठित किया जा रहा है, जिससे कि 21वीं सदी के आवश्यक कौशल- क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी, कोलाबोरेशन, कम्यूनिकेशन, डिजिटल लिटरेसी विद्यार्थियों में विकसित किए जा सकें। प्रो. गिल ने एआई संचालित लर्निंग प्लेटफार्म, एआई समर्थित शिक्षण उपकरणों, डेटा विज्ञान, कोडिंग, डिजाइन थिंकिंग, साइबर सुरक्षा जैसे भविष्य केनद्रित पाठ्यक्रमों, राष्ट्रीय डिजिटल एजुकेशन मिशन इत्यादि बारे व्यावहारिक जानकारी साझा की। उन्होंने अंत में प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

## एमडीयू कुलपति और उपायुक्त के बीच विवि के विकास को लेकर चर्चा



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह और रोहतक के उपायुक्त धर्मेन्द्र सिंह के बीच मंगलवार को बैठक हुई। जिसमें विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न विकासात्मक विषयों पर चर्चा की गई। यह संवाद विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन के बीच समन्वय को सशक्त करने और नागरिक मूलभूत ढांचे को बेहतर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। बैठक में सबसे प्रमुख विषय विश्वविद्यालय के गेटों पर ट्रैफिक लाइट्स की स्थापना का रहा, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों और आगंतुकों की सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दोनों अधिकारियों ने सहमति जताई कि व्यस्त समय में दुर्घटनाओं से बचाव के लिए ट्रैफिक नियंत्रण अति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय के समीप जल निकासी व्यवस्था की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि जलभराव के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



**रोहतक।** शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते एलपीएस बौसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन।

## रक्तदान शिविर में 58 यूनिट रक्त एकत्रित

**रोहतक।** एलपीएस बौसार्ड व हरिओम सेवा दल द्वारा आयोजित दिल्ली रोड पर स्थित जाट कॉलेज के बाहर एलपीएस बौसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन की माता स्व. सुशीला देवी जैन के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छ रक्तदान शिविर व पानी की छबील का आयोजन किया गया। एलपीएस बौसार्ड से आई रक्तदान वाहन में मैडिकल के डाक्टरों की टीम के द्वारा लगा गया। हरिओम सेवा दल के मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया शिविर में 58 लोगों ने अपना रक्तदान किया। शिविर में महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया व रक्तदान भी किया। इसके साथ-साथ जरूरतमंद छात्र को साईकिल भेंट की गई।राजेश जैन ने कहा कि हमारे जीवन का एक एक पल अमूल्य है। अच्छी सोच, अच्छी भावना, अच्छा विचार, अच्छे संस्कार मनुष्य को महान बनाता है। इस मौके पर योगश अरोड़ा, विजय खुराना, अश्विनी पाहवा, संजय खुराना, एनके भुटानी, जगत सिंह गिल, रिया, राजिन्द्र, शीतल, सन्नी निझावन, राजीव जैन आदि मौजूद थे।

# मोखरा में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

- बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




समाज सेवा की भावना को केंद्र में रखते हुए बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में गांव मोखरा (खेड़ी) में मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस विंग वॉलंटियर्स व नर्सिंग स्टाफ ने भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं एवं सहायक उपकरण पहुँचाना था। इस शिविर में चिकित्सकीय परीक्षण के साथ-साथ जरूरतमंद लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर, वॉकर, छड़ी, बैस कमोड स्टूल, कमर व घुटनों की बेल्ट, कान की मशीन आदि प्रदान करने हेतु सूचीबद्ध किया गया। चयनित लाभार्थियों को आगामी 15 मई को रेड क्रॉस भवन में आयोजित विशेष शिविर में ये उपकरण निशुल्क वितरित किए जाएंगे। यह वितरण कार्यक्रम केंद्र सरकार और जिला प्रशासन के सहयोग से संपन्न होगा। शिविर में आधुनिक सर्वेक्षण प्रणाली द्वारा बुजुर्गों की स्वास्थ्य स्थिति का मूल्यांकन कर विस्तृत सूची तैयार की गईं। इस सूची के आधार पर आगामी शिविर में पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही उनकी जरूरत के अनुसार उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान का कार्यक्षेत्र केवल शिक्षण-प्रशिक्षण तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसका नैतिक दायित्व समाज के वंचित एवं उपेक्षित वर्ग के उत्थान हेतु कार्य करना भी होता है।

# परीक्षा नियंत्रक ने कॉलेजों में परीक्षाओं का किया निरीक्षण

### *एमडीयू परीक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती: तनेजा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने मंगलवार को एमडीयू से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरे का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता, अनुशासन और निष्पक्षता सुनिश्चित करना था। इस निरीक्षण के दौरान परीक्षा नियंत्रक ने प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने जाट कालेज तथा वैश्य कॉलेज के परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। प्रो. तनेजा ने कहा कि एमडीयू परीक्षा की शुचिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी होती हैं और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित साधनों की कोई जगह नहीं हो सकती। जाट कॉलेज में प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने परीक्षा व्यवस्था बारे जानकारी दी।

वैश्य कॉलेज में प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने परीक्षा व्यवस्था बारे जानकारी दी। परीक्षा नियंत्रक ने इस दौरान परीक्षा कमरों की विजिट की और परीक्षा ड्यूटी में लगे शिक्षकों एवं कर्मचारियों से भी संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें परीक्षा संचालन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एमडीयू के जनसंपर्क अधिकारी पंकज नैन साथ रहे।



**रोहतक।** विशाल भंडारा में प्रसाद वितरित करते एलपीएस बौसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन।

## भगवानी महावीर लाइब्रेरी के बाहर लगाई पानी की छबील व भंडारा

**रोहतक।** एलपीएस बौसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन की माता स्व. सुशीला देवी जैन के जन्म दिन के अवसर पर उनकी याद में सती भाई साई सेवा दल के सहयोग से पीजीआई में सीएमओ आफिस के पास व सिविल रोड पर स्थित भगवानी महावीर लाइब्रेरी के बाहर पानी की छबील व विशाल भंडारे का आयोजन किया। इसके साथ मीठे पानी की छबील व हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। मीठा पानी पीकर काफी लोगों ने अपनी प्यास बुझाई। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि पीजीआई में मरीजों के साथ आए हुए सगे संबंधियों ने भंडारे का स्वाद चखा। परम पूज्य महंत सतीश दास महाराज के आर्शीवाद एवं परम पूज्य गद्दी नशीन महंत रामसुखदास महाराज के पावन सानिध्य में भंडारे लगाए गए। खड़ावड़ में स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण एवं बजरंग भवन के प्रांगण में भी विशाल भंडारा लगाया गया। भंडारे के मुख्यअतिथि समाजसेवी उद्योगपति राजेश जैन, समिति के प्रधान नरेशानंद व सदस्यों के द्वारा अपने हाथों से गुरु का लंगर परोसा। राजेश जैन ने कहा कि हम आज जिस मुकाम पर है हम अपनी पूजनीय माता के आर्शीवाद से ही है। इस अवसर पर सन्नी निझावन, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, राम, कनिका, सेवाराम, नरेश, दिलबाग, राजेश, संजय आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | पीजीआईएसएस में एनएबीएल मान्यता जागरुकता कार्यक्रम गुणवत्ता यात्रा 2025 आयोजित

## पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमिस्ट विभाग अस्पताल की रीढ़, इनकी रिपोर्ट के आधार पर होता इलाज

# संस्थान की सभी लैब होनी चाहिए एनएबीएल से मान्यता प्राप्तः कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



मेरा सपना है कि पीजीआईएमएस की सभी लैब राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड से मान्यता प्राप्त हों क्योंकि यहां पूरे प्रदेश व अन्य राज्यों के मरीज इलाज करवाने के लिए आते हैं और हमारा सदैव यही प्रयास रहता है कि संस्थान में आने वाले सभी मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एच.के. अग्रवाल का। वे मंगलवार को पैथोलॉजी व माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा लेक्चर थियेटर वन में आयोजित कार्यक्रम एनएबीएल मान्यता जागरूकता कार्यक्रम गुणवत्ता यात्रा 2025 में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि वें पैथोलॉजी विभाग से डॉ. सुनीता सिंह की टीम व माइक्रोबायोलॉजी विभाग से डॉ. अर्पणा परमार की टीम को बधाई देते हैं, जिन्होंने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है और आज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बायोकेमिस्ट विभाग पहले ही एनएबीएच की मान्यता लेने की तरफ अग्रसर है। डॉ.एच.के. अग्रवाल ने कहा कि यह तीनों विभाग अस्पताल की रीढ होते हैं क्योंकि उनकी रिपोर्ट के आधार पर ही मरीज को इलाज मिलता है। ऐसे में सटीक रिपोर्ट होना बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि वें एनएबीएल से आए अधिकारियों का स्वागत करते हैं। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि आज के विषय गुणवत्ता यात्रा का शुभारंभ अहमदाबाद से हुआ था। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के अमृत काल के तहत अस्पतालों के अंदर एनएबीएल लैब होना बहुत ही अहम है क्योंकि इससे रिपोर्ट विश्वसनीयता बढ़ती है, जिससे वें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हो सकती हैं।

डॉ. सिंघल ने कहा कि एनएबीएल का उद्देश्य भारत में परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार मान्यता देना है, ताकि वें सटीक और विश्वसनीय परिणाम दे सकें।

### बीमारी की पहचान के लिए लैब का अहम रोल

डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. ध्रुव चौधरी ने कहा कि बीमारी की सही पहचान के लिए लैब का अहम रोल होता है। उन्होंने कहा कि लैब में गुणवत्ता नियंत्रण अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि लैब द्वारा उनके विभाग को दिए जा रहे सहयोग के लिए वें धन्यवाद व्यक्त करते हैं। गुणवत्ता यात्रा 2025 कार्यक्रम में आने पर सभी का स्वागत करते हुए डॉ. सुनीता सिंह ने बताया कि एनएबीएल लैब गुणवत्ता यात्रा एनएबीएल द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला को संदर्भित करता है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से भारत के टियर-2, टियर-3 शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में एनएबीएल मान्यता और इसके लाभों को बढ़ावा देना है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा, प्रयोगशालाओं और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में गुणवत्ता मानकों को बढ़ाना है। डॉ. सुनीता सिंह ने कहा कि आज एनएबीएल के अधिकारियों द्वारा जो यह जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया है, उससे लैब में कार्य करने वाले चिकित्सकों व कर्मचारियों का काफी ज्ञानवर्धन हुआ है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि वें जल्द पैथो व माइक्रो लैब की एनएबीएल से मान्यता लेने के लिए आवेदन कर देंगे। इस अवसर पर डॉ. अर्पणा परमार, डॉ. सिम्मी खरब, डॉ. अपर्णा यादव, डॉ. निधि गोयल, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. किरण सहित सैकड़ों चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित थे।

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 14 मई 2025

तापमान
अधिकतम 41.8 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

9 एचडी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम 100% रहा



10 अफसरों ने नहीं की गौर, लोगों ने की जलघर में ...



## खबर संक्षेप

### मदवि: परीक्षा शेड्यूल रिवाइज किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एनईपी 2020 के तहत यूजी पाठ्यक्रमों के दूसरे सेमेस्टर की आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के शेड्यूल को रिवाइज्ड किया गया है। नए शेड्यूल के अनुसार अब एनईपी 2020 के तहत यूजी पाठ्यक्रमों के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 जून 2025 से प्रारंभ होंगी।परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने यह जानकारी दी।

### ढाबे से 206 ग्राम गांजा बरामद

**रोहतक।** पुलिस ने इंडो आर्या कंपनी हसनगढ़ के सामने स्थित ढाबे से 206 ग्राम गांजा बरामद किया है। ढाबा में मौजूद महिला को गिरफ्तार किया गया है। महिला आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सांपला थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि इंडो आर्या कंपनी हसनगढ़ के सामने स्थित ढाबे पर नियमानुसार छापेमारी की। छापेमारी के दौराने ढाबे मे रखे फ्रीज से पॉलिथन से 206 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने जिला तहसील कलानौर के गांव खेरड़ी के खसरा संख्या 89/1 में अनाधिकृत कब्जे को हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत कलानौर के तहसीलदार राजेश कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। एसपी द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

## नगर निगम: सफाई पर एक करोड़ खर्च, फिर भी फिसड्डी

# जनवरी से मार्च तक हुए स्वच्छता सर्वे में निगम रहा आखिरी पायदान पर

- ऑनलाइन ऐप पर सबसे ज्यादा मिली 1091 शिकायतें
- केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछले साल अव्वल रहा शहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछले साल अव्वल रहे रोहतक शहर में सफाई के लिए हर माह एक करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। लेकिन केंद्र की तरफ से जनवरी से मार्च माह तक करवाए गए सर्वे में नगर निगमों के अंदर रोहतक शहर पीछे ही रहा है। जांच में पता चला कि ऐप पर रोहतक निगम में सबसे ज्यादा 1091 शिकायतें आई है। कुल 11 निगमों में शहर आखिरी पायदान पर रहा है। जबकि साल 2023 में हुए केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण का 2024 में आए परिणाम में शहर को प्रदेश में सबसे स्वच्छ सिटी का खिताब मिला था। स्वच्छता ऐप के माध्यम से प्रदेश में जनवरी से लेकर मार्च तक स्वच्छता सर्वेक्षण करवाया गया था। जिसमें बहुत सारी खामियां मिली। सबसे ज्यादा शिकायतें भी मिली है। किला रोड के व्यापारियों का कहना है कि बाजार में पहले रेहड़ी आती थी, लेकिन अब तो केवल ट्रॉली आती है। हर रोज झाड़ू नहीं लगाया जा रहा है। सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर बाजार में बहने लगता है। वहीं, सुभाष रोड के व्यापारियों का कहना है कि निगम के सफाई कर्मी हर रोज नहीं आते। शनिवार व रविवार को आते ही नहीं। सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। वहीं, पालिका बाजार के व्यापारियों का कहना है कि नियमों के तहत बाजार में दो बार सफाई होनी चाहिए। लेकिन मनमर्जी से सफाईकर्मी आते हैं।




### किस वर्ष क्या रही स्थिति देश भर में रैंकिंग

| | |
|---|---|
| 2016 | 288वीं |
| 2017 | 295वीं |
| 2018 | 89वीं |
| 2019 | 69वीं |
| 2020 | 35वीं |
| 2021 | 49वीं |
| 2022 | 38वीं |
| 2023 | 109वीं |

### 2023 के सर्वेक्षण में रैंकिंग 71 अंक गिरी

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से देश में हर वर्ष अंकों के आधार पर स्वच्छता सर्वेक्षण कराया जाता है। साल 2023 में विभाग ने शहर में सर्वेक्षण कराया था, जिसका परिणाम जनवरी 2024 में जारी किया गया। रोहतक को प्रदेश की सबसे क्लीन सिटी का अवॉर्ड दिया गया, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग 109 रही। 2022 के सर्वेक्षण में प्रदेश में रोहतक दूसरे स्थान पर था, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग 38 थी।

### छह लाख की आबादी पर 640 सफाई कर्मी

शहर की आबादी छह लाख से ज्यादा है, जहां मात्र 640 सफाई कर्मचारी हैं। सरकार की ओर से तय अनुपात के मुताबिक सफाई कर्मियों की संख्या 400 लोगों के मुकाबले एक कर्मचारी होना चाहिए, जबकि अब 900 के करीब कर्मचारियों के मुकाबले एक कर्मचारी है। निगम के प्रधान संजय बिड़लान का कहना है कि 30 साल से कर्मचारियों की भर्ती नहीं हुई।

### सीएसआर के तहत मिले टिपर हो रहे कंडम

पूर्व मेयर मनमोहन गोयल के कार्यकाल में नगर निगम को कचरा उठाने के लिए आठ से ज्यादा टिपर सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के तहत मिले थे। नगर निगम ने ये टिप्पर मानसरोवर पार्क के नजदीक पंडित श्रीराम रंगशाला में दो साल से खड़ी हैं। पूछने पर बताया जाता है कि निगम के पास टिपर चलाने के लिए ड्राइवर नहीं हैं।



### केस के कारण नया ठेका नहीं हो सका

सफाई के ठेके को लेकर हाईकोर्ट में भी केस चल रहा है, जिसकी अब 20 मई को तारिख है, इसी के चलते नया ठेका नहीं हो सका है। कौशल निगम के तहत 300 कर्मचारी पहले और 600 अब मांगे गए हैं। वह खुद सफाई व्यवस्था को लेकर वार्डों के दौरे कर रही हैं। सफाई ब्रांच की टॉस्क फोर्स गठित कर दी गई हैं। **-नमिता सिंह,** संयुक्त आयुक्त, नगर निगम

# पुरानी आईटीआई में 'हरिभूमि इंटर स्कूल पोस्टर प्रतियोगिता' आज

- प्रतियोगिता केवल 6 से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

रोहतक। हरिभूमि द्वारा इंटर स्कूल पोस्टर प्रतियोगिता बुधवार को शहीद मदन लाल ढींगरा कम्युनिटी सेंटर, पुरानी आईटीआई में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता की थीम जल बचाएं - जीवन बचाएं है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को उजागर करना है। सुबह 9 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

प्रतियोगिता में मुख्यातिथि नगर निगम संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह रहेंगी जबकि अध्यक्षता एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन करेंगे। प्रतियोगिता के लिए नियम तय किए गए हैं। प्रतियोगिता केवल 6 से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए है। विद्यार्थी अपने कलर्स, पेंसिल, पेन और कार्डबोर्ड साथ लेकर आएं। सभी प्रतिभागियों को उनके रजिस्ट्रेशन नंबर प्रतियोगिता स्थल पर सुबह साढ़े आठ बजे वितरित किए जाएंगे। सभी प्रतिभागी समय पर पहुंच कर रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त करें।

# 22 गांवों में जलघरों के टैंक का पानी खत्म हजारों लोगों को नहीं मिल पा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांपला

ब्लाक के 22 गांवों के जलघरों के टैंकों का पानी खत्म हो चुका है। पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा लगाए गए ट्यूबवेल भी हांफने लगे हैं। क्षेत्र में नहरी पानी की कमी की वजह से इलाके में पानी का संकट बन गया है। कस्बे के जल घरों का पानी समाप्त हो गया। अगर जल्द ही नहरों में पानी नहीं आया तो इलाके में हां हां कार मच जाएगा। पब्लिक हेल्थ और लोग नेहरों में पानी आने की आस लगाए हुए बैठे हैं। सिंचाई विभाग द्वारा 12 मई को नहरों में पानी छोड़ना था अब 3 दिन बाद पानी छोड़ा जाएगा। अभी लोगों को 2-3 दिन क नहरी पानी आने का इंतजार करना पड़ेगा। ब्लॉक के 22 गांव में करीब 55 वॉटर टैंक हैं। सभी टैंक नहरी पानी से भरे जाते हैं। लेकिन नहर में पानी कम आने की वजह से टैंक खाली रह जाते हैं। पिछले महीने भी टैंक नहीं भर पाए थे। जिसकी वजह से इलाके में पानी का संकट बढ़ रहा है। लोगों की प्यास बुझाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा ट्यूबवेल से सप्लाई दी जा रही है। लेकिन ट्यूबवेल से गांव में पूरी सप्लाई नहीं हो पाती है। हाल में लोग खेतों में लगे हैंड पंपों व कुंआ, ट्यूबवेल से पानी भर कर ला रहे हैं। कस्बे भी महिलाएं टैंकर से पानी खरीद कर ले जाती हैं।हाल में अटायल, पाकस्मा, मोर खेड़ी, नया बास सहित कई गांव में ग्रामीण खेतों से पानी भर कर लाते हैं। सुरेंद्र कुमार, संजीव कुमार का कहना है कि नहरों में पुरा पानी नहीं आता है।




**रोहतक।** खाली पड़ा हुआ जलघर। फोटो: हरिभूमि

### व्यर्थ में पानी न बहाएं

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ अनिल कुमार ने बताया कि सभी जलघरों में पानी खत्म हो चुका है। ट्यूबवेल से सप्लाई दी जा रही है। कई ट्यूबवेल पानी देना बंद कर गए उनके स्थान पर नए लगाए गए हैं। उन्होंने लोगों से जरूरत के हिसाब से ही पानी यूज करें।








C.B.S.E. AFF. NO. 532014
SANGWAN INTERNATIONAL SCHOOL
EDUCATION BEYOND YOUR THOUGHTS
SANGWAN INTERNATIONAL SCHOOL
(A Co-Educational English Medium CBSE School Nur to XII)
Success is built on Consistency
Congratulations to all the Sangwan Stars
सीबीएसई बोर्ड में छाये सांगवान स्कूल के छात्र व छात्राएं
Shining Stars of Class 10th
Tina 96.4%
Sakshi 95%
Bhumika 94%
Paramveer 94%
Arpita 93%
Kartika 92.4%
Diksha Siwach 92%
Suhana 91.4%
Chirag 91%
Hitesha 91%
Shivani 90%
Tejas Pawariya 90%
Shaurya Pathak 90%
Shourya Kaushik 89.4%
Yash 89%
Dikshant 89%
Piyush 88%
Aarzoo 88%
Bhawana 88%
Yashika 88%
Chhavi 87%
Vanshika 87%
Aarna 86%
Anshika 86%
Ayush Sharma 86%
Daksh 86%
Jaidev Ruhil 86%
Yash Rana 86%
Nikita 86%
Yogeshwar 86%
Sam Jagga 84%
Ajay Kumar 84%
Nikhil Kumar 84%
Vanshita 83%
Chahat 83%
Anshika 82%
Vanshika 82%
Nitin 82%
Kinjal 81%
Kanak 81%
Shining Stars of Class 12th
Manshi 91.2%
Sakshi 90%
Priya 88%
Tanishka 87%
Mansi 84%
Tannu 83%
Rohan 82%
Rakesh 82%
Rishita 81%
Anshu 80%
Ritu 79%
Manish Hooda 77%
Nanshi 77%
Sagar 77%
Riya 76%
Nikhil 75%
Yash 75%
ADMISSION OPEN for Class 11th (All Streams)
HOSTEL FACILITY 2nd to 12th
School Running under Leadership of
MR. RAJESH SANGWAN (Chairman)
Ex. Petty Officer, Indian Navy
20 Years of Exp. in Defence Job Placement
Competition Based Studies & Best Platform for
NDA, JEE, NEET ASPIRANTS
NEAR MAKRAULI TOLL PLAZA, OPP. HANUMAN MANDIR, CHAMARIYA ROAD, ROHTAK-124001
For Contact : 7082001082-84-85
MANISHA SANGWAN
PRINCIPAL